सी सी आई
CCi

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सीमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Cement Corporation of India Limited
(A Government of India Enterprise)

संजय बांगा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Sanjay Banga
Chairman & Managing Director

01 जनवरी, 2024

प्रिय सहकर्मियो,

मैं आपको और आपके परिवार को वर्ष 2024 के आगमन के अवसर पर सुख, सफलता और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए अत्यंत हर्षित हूँ ।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में हमने रु. 95 करोड़ का लाभ अर्जित किया है, जो कि पिछले तीन दशकों में सर्वाधिक है । इसी वित्तीय वर्ष में हमने न सिर्फ अपनी नेट वर्थ को नई ऊंचाई दी बल्कि हमारा टर्न ओवर भी अभी तक का सर्वाधिक रहा है । यह उपलब्धि आपके कठिन परिश्रम व लगन के द्वारा ही संभव हो पाई। पिछले वर्ष मैंने आप सभी से अनुरोध किया था कि काफी लम्बे समय से बंद पड़ी इकाइयों से परिसंपत्ति मुद्रीकरण के द्वारा भी पूंजी अर्जित की जाए, और आप सभी ने पूरी लगन व् कठिन परिश्रम के द्वारा इसे सार्थक करके सी सी आई को अतिरिक्त पूंजी अर्जित करने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ ।

यह आप सब के अथक व निरंतर प्रयासों का ही नतीज़ा है कि वर्षों से लंबित पड़े नए वेतनमान, सभी नियमित कार्मिकों के लिए लागू करने में सफल रहे जिसके द्वारा सभी कार्मिकों में एक नई उर्जा व प्रेरणा का संचार हुआ है ।

हम एक अनुशासित, जीवंत और उत्तरदायी संगठन के रूप में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करना जारी रखेंगे और अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त करते रहेंगे । आपकी यही प्रतिबद्धता न सिर्फ आपका बल्कि सी सी आई का भी भविष्य सुद्रढ़ करेगी । उत्कृष्टता प्राप्त करने की हमारी वर्तमान क्षमता हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से पूरा करने के साथ-साथ लाभ की स्थिति को भी बनाये रखेगी । बाज़ार के वर्तमान स्वरुप को देखते हुए आने वाला वर्ष 2024 हमारे लिए और अधिक चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है, लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम अपने कभी न हारने वाले चरित्र , अथक परिश्रम व योग्यता द्वारा सी सी आई को लाभप्रदता की स्थिति में न सिर्फ बनाये रखेंगे अपितु नए-नए कीर्तिमान भी स्थापित करते रहेंगे ।

मैं आप सब का आह्वान करता हूँ कि आइए हम सभी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए खुद को फिर से सी सी आई को समर्पित करने का संकल्प लें और देश में उत्कृष्ट श्रेणी के सीमेंट उत्पादन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध बनें ।मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम नए युग की चुनौतियों का सामना करने और अपने सभी हितधारकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए कटिबद्ध रहेंगे ।

पुनः एक बार, मैं आपको और आपके परिवारों को वर्ष 2024 में सफलता, अच्छे स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

संजय बांगा
(संजय बांगा)

पंजीकृत एवं मुख्य कार्यालय : कोर 5, स्कोप कॉम्प्लैक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली 110003
Registered & Head Office : Core-5, SCOPE Complex, 7 Lodhi Road, New Delhi 110003
फोन / Tel. : 011-24360104, E-mail: cmd@cciltd.in, Website: www.cciltd.in
CIN-U74899DL1965GOI004322